# Victim Advocacy Project

## पैरा-लीगल फ़ेलोशिप (VAP) हेतु आवेदन आमंत्रित

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली (NLU Delhi), सेंटर फॉर क्रिमिनोलॉजी एंड विक्टिमोलॉजी के अंतर्गत संचालित विक्टिम एडवोकेसी प्रोजेक्ट (VAP) के माध्यम से पैरा-लीगल फ़ेलो के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

- ➔ **संलग्नता का प्रकार :** **संविदात्मक**
- ➔ **कार्य प्रारम्भ तिथि :** **1 जुलाई 2026**
- ➔ **स्थान :** **दिल्ली**
- ➔ **मानदेय :** **₹20,000 प्रति माह + ₹2,000 तक (यात्रा एवं फाइलिंग संबंधी व्ययों की प्रतिपूर्ति)**
- ➔ **न्यूनतम योग्यताएँ:** **10वीं पास; 2 वर्ष का सामुदायिक सेवा अनुभव।**
- ➔ **आवेदन की अंतिम तिथि :** **20.06.2026, 11:59 PM**

## विक्टिम एडवोकेसी प्रोजेक्ट (VAP): परिचय

विक्टिम एडवोकेसी प्रोजेक्ट (VAP) न्याय-केंद्रित पहल है, जिसका उद्देश्य पीड़ितों की आपराधिक न्याय प्रणाली तक पहुँच को सुदृढ़ करना है। यह परियोजना संरचित कानूनी सहायता, सतत सहयोग और पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से पीड़ितों की भागीदारी को मजबूत करने का प्रयास करती है।

यह परियोजना प्राथमिकी (FIR) से लेकर मुकदमे, अपील और पुनर्वास तक निरंतर सहायता प्रदान करते हुए, पीड़ितों को न्याय प्रक्रिया में अधिकार-संपन्न व्यक्तियों के रूप में स्थापित करने का प्रयास करती है। मुकदमेबाजी, अनुसंधान और क्षेत्रीय कार्य के समन्वय के माध्यम से VAP एक प्रभावी और दीर्घकालिक विक्टिम एडवोकेसी मॉडल विकसित करने की दिशा में कार्यरत है।

---

## <u>फ़ेलोशिप के बारे में</u>

यह फ़ेलोशिप पैरा-लीगल्स को अपराध से प्रभावित पीड़ितों के साथ सीधे कार्य करने तथा सामुदायिक स्तर पर न्याय तक पहुँच को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करती है। फ़ेलो पीड़ित सहायता, मामलों की पहचान, दस्तावेज़ीकरण, समन्वय एवं अनुवर्ती कार्यों में सहयोग करेंगे तथा संवेदनशील व्यक्तियों, परिवारों और सामुदायिक संगठनों के साथ निकटता से कार्य करेंगे। पीड़ितों के लिए प्रारंभिक संपर्क बिंदु के रूप में, फ़ेलो विश्वास निर्माण, सहायता प्रणालियों तक पहुँच सुनिश्चित करने तथा न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में सहयोग प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

फ़ेलोशिप के दौरान चयनित फ़ेलो मेंटर्स के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे तथा NLU दिल्ली द्वारा सतत पर्यवेक्षण, प्रशिक्षण एवं क्षमता-विकास सहायता प्राप्त करेंगे। इस फ़ेलोशिप का उद्देश्य ऐसे कुशल, संवेदनशील और ट्रॉमा-सूचित पैरा-लीगल्स तैयार करना है, जो आपराधिक न्याय प्रणाली में पीड़ित सहायता और उनकी सार्थक भागीदारी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हों।

## <u>मुख्य जिम्मेदारियाँ:</u>

- पीड़ितों के लिए प्रथम संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करना तथा न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में उन्हें सहयोग प्रदान करना।.
- पीड़ितों, उनके परिवारों तथा सामुदायिक संगठनों के साथ विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करना एवं सहायता की आवश्यकता वाले मामलों की पहचान में सहयोग करना।
- पीड़ितों से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज़ एकत्र करना तथा मामलों के रिकॉर्ड और क्लाइंट फ़ाइलों का सुव्यवस्थित संधारण करना।

- पीड़ितों को कानूनी सहायता, सेवाओं एवं संस्थागत व्यवस्थाओं तक पहुँच प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करना।
- मामलों के अनुवर्ती कार्य एवं सहायता हेतु लिटिगेशन फ़ेलोज़, मेंटर्स और साझेदार संगठनों के साथ नियमित समन्वय करना।

---

- दस्तावेज़ीकरण, रेफरल प्रक्रियाओं तथा संबंधित हितधारकों एवं संस्थानों के साथ संवाद और समन्वय में सहयोग प्रदान करना
- फ़ेलोशिप के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण, समीक्षा बैठकों एवं क्षमता-विकास सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेना।
- परियोजना के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार नियमित रिपोर्टिंग बनाए रखना तथा आवश्यक दस्तावेज़, अद्यतन जानकारी और अभिलेख प्रस्तुत करना।

**<u>आवश्यक योग्यताएँ</u>**

- 10वीं पास
- सामुदायिक संगठनों, पीड़ितों, उत्तरजीवियों या संवेदनशील एवं हाशिए पर स्थित समुदायों के साथ कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव।
- हिंदी तथा/या दिल्ली NCR में बोली जाने वाली क्षेत्रीय भाषाओं में दक्षता।
- पीड़ितों के साथ सम्मानपूर्ण, संवेदनशील और ट्रॉमा-सूचित दृष्टिकोण से कार्य करने की क्षमता।
- अच्छे संवाद एवं बुनियादी दस्तावेज़ीकरण कौशल।
- न्याय तक पहुँच, पीड़ित सहायता एवं सामुदायिक कार्य के प्रति प्रतिबद्धता।
- फील्ड-आधारित कार्य तथा फ़ेलोशिप के अंतर्गत प्रशिक्षण, मेंटरशिप और नियमित समीक्षा प्रक्रियाओं में भाग लेने की इच्छा।

## वांछनीय योग्यताएँ

- 12वीं पास / स्नातक डिग्री।
- एनजीओ / संस्थागत इकाई के साथ कार्य अनुभव।

---

- कानूनी सहायता, पीड़ित सहायता, केसवर्क, परामर्श, सामुदायिक सहभागिता या दस्तावेज़ीकरण से संबंधित कार्य का पूर्व अनुभव।
- आपराधिक न्याय प्रणाली, सरकारी संस्थानों या जमीनी स्तर के संगठनों के कार्य से परिचित होना।

## आवेदन प्रक्रिया

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन ऑनलाइन यहाँ जमा करें – careers.nludelhi.ac.in

आवेदन सामग्री में शामिल हैं:

- आवेदन प्रपत्र (Form)
- बायोडाटा / रिज्यूमे (Resume)
- केस नोट (1000 शब्द)

केस नोट से संबंधित विस्तृत निर्देश आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध कराए गए हैं।

## महत्वपूर्ण निर्देश

- आवेदन इस विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन फ़ॉर्म के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए। ईमेल के माध्यम से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
- आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20 जून 2026, रात्रि 11:59 बजे (IST) है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी भौतिक अथवा ईमेल आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

- उम्मीदवारों को ऑनलाइन फ़ॉर्म के माध्यम से प्रस्तुत आवेदन सामग्री के मूल्यांकन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों से संपर्क किया जाएगा तथा उन्हें चयन प्रक्रिया के साक्षात्कार चरण हेतु आमंत्रित किया जाएगा। यदि आवेदन की अंतिम तिथि के 4 सप्ताह के भीतर विश्वविद्यालय की ओर से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो कृपया यह मान लें कि आपका आवेदन चयनित नहीं हुआ है।
- यहाँ उल्लिखित पात्रता मानदंड साक्षात्कार हेतु चयन या अंतिम चयन की गारंटी नहीं देते हैं।
- NLU दिल्ली विज्ञापित पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- NLU दिल्ली समान अवसर प्रदान करने वाला नियोक्ता है।

**नोट: NLU दिल्ली एक समान अवसर प्रदान करने वाली संस्था है। महिलाओं, प्रथम पीढ़ी के वकीलों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक समुदायों, LGBTQIA+ व्यक्तियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा अन्य संवेदनशील एवं कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों से आने वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाता है।**

**यह पद विक्टिम एडवोकेसी प्रोजेक्ट (VAP) के अंतर्गत होगा अथवा विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णयों के अनुसार निर्धारित किया जा सकेगा।**

**प्रश्नों के लिए संपर्क करें:** victimadvocacyproject@nlu@nludelhi.ac.in

---------- X ----------

॥ नह्यसत्यं प्रमाणं स्यात् ॥

NLU DELHI